## छत्तीसगढ़ से प्रतिदिन अनूपपुर-शहडोल होकर उत्तरप्रदेश जा रही बसें

# आरटीओ का संरक्षण: टूरिस्ट परमिट पर ओव्हर लोड बसें ढो रही मजदूर

### 30 टूरिस्ट के परमिट पर 60 से 70 मजदूरों की यात्रा

बीते 15 से 20 दिनों से एक बार फिर छत्तीसगढ़ से 2 दर्जन से अधिक बसें प्रतिदिन शहडोल व अनूपपुर जिले से होती हुई उत्तरप्रदेश जा रही हैं, लगभग बस मालिको ने टूरिस्ट परमिट ले रखे हैं और छत्तीसगढ़ के अलावा इन जिलों से भी मजदूरों को सवारी के रूप में निर्धारित क्षमता से दोगुनी सवारियां ढोई जा रही हैं।

फोटो क्रमांक-01

**शहडोल।** प्रतिदिन शाम होते ही संभाग के अनूपपुर जिले में छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे चौकियों पर छग के विभिन्न जिलों से यात्री बसें दस्तक देती हैं, यही स्थिति रीवा-चाकघाट बार्डर की भी है, जहां से उत्तरप्रदेश से आ रही बसें अंधेरे में पहुंचती हैं और अगले तीन से चार घंटो में प्रदेश के शहडोल-अनूपपुर-उमरिया, रीवा, सीधी, सतना जिलों से होती हुई गंतव्य को चली जाती है। इन बस मालिकों ने अपने-अपने जिले में परिवहन विभाग के आशीर्वाद से टूरिस्ट परमिट लिया हुआ होता है, शहडोल सहित अनूपपुर जिले के परिवहन अधिकारी और यातायात पुलिस के मुखिया के अलावा अंतर्राज्जीय परिवहन चौकी से सांठ-गांठ कर खुलेआम मजदूरों को टूरिस्ट के नाम पर ढोया जा रहा है, इन सबके पीछे बस मालिकों का मकसद महज शासन की कर चोरी करना है, इस मामले में लगातार परिवहन अधिकारियों को शिकायतों के माध्यम से अवगत भी कराया गया है, लेकिन करीब 5 साल से शहडोल में जमें आशुतोष सिंह भदौरिया ने जैसे इनके अभिभावक बन इन्हें खुलकर संरक्षण दिया हुआ है।

### 5 साल में भी अधूरा रहा ज्ञान

29 अगस्त 2018 को आशुतोष भदौरिया का शहडोल के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी की कुर्सी पर बैठे थे, इससे पहले वे शहडोल में ही वह संभागीय उप परिवहन आयुक्त के पद पर थे, हालाकि दिखावे और आमजनता को भुलावे में डालने के लिए इनके पास शहडोल पदस्थापना के दौरान सीधी का प्रभार और आदर्श आचार संहिता के डंडे से बचने के लिए बीते चुनावों से पहले शहडोल से सीधी स्थानांतरण और वहां से शहडोल का प्रभार ले लिया गया, कुल मिलाकर पहले कान सीधे पकड़ा था, अब हाथ पीछे कर-कर उसी कान को पकड़ा हुआ है, खुद को कांग्रेस नेताओं का करीबी रिश्तेदार बताने वाले श्री भदौरिया इन 5 सालों से लगातार शहडोल में परिवहन विभाग को गर्त में ले जाने के जिम्मेदार भी हैं। टूरिस्ट परमिट पर मजदूर ले जा रही बसों की जानकारी की बात तो दूर स्थानीय सूत्र दावा करते हैं कि पूरा का पूरा खेल और शासन को चूना लगाने की गणित श्री भदौरिया के दिमाग की उपज और मार्गदर्शन की देन हैं।




**शहडोल, अनूपपुर आरटीओ सहित अंर्तराज्जीय परिवहन चौकी का संरक्षण**

### पहले गलत तो, अब सही कैसे

शहडोल में अवधेश गोस्वामी के पदस्थापना के दौरान इस मामले ने तूल पकड़ा था, इस दौरान परिवहन विभाग के अधिकारियों ने ही कार्यवाही की थी, इनके साथ यातायात विभाग के तत्कालीन डीएसपी अखिलेश तिवारी के द्वारा लगभग 13 बसों को टूरिस्ट परमिट के नाम पर क्षमता से अधिक मजदूर ढोने के मामले में खड़ा कराया गया था, शहडोल से राहत न मिलने पर बस मालिकों ने उच्च न्यायालय की शरण भी ली थी और वहां से राहत न मिलने पर, 9 से 10 महीनें बसें खड़ी रहने के उपरांत 37 से 38 लाख रूपये का जुर्माना शासन के खाते में जमा हुआ था, सवाल यह उठता है कि जब पूर्व में उसी परमिट पर दौड़ रही बसें गलत थी तो, अब सही कैसे हो गई।

### इन बसों पर उठे सवाल

टूरिस्ट परमिट पर मजदूर ढो रही बसों की संख्या 2 दर्जन से अधिक बताई गई है, जिसमें मो. साकिब की बस क्रमांक सीजी 15 डीडब्ल्यू 5879 कवर्धा से लखनऊ व सीजी 15 डीडब्लयू 5869 भी कवर्धा से लखनऊ दौड़ती है, इसी बस मालिक की सीजी 15 डीडब्लयू 5868 क्रमांक बस बिलासपुर से कानपुर, मो. नावेद की सीजी 15 डीडब्लयू 5878 बिलासपुर से कानपुर, इसी बस मालिक की सीजी 15 डीडब्लयू 5853 अमलिया से सूरत, वहीं नावेद की ही एक अन्य बस सीजी 15 डीडब्लयू 5866 भी अमलिया से सूरत के अलावा नफीस ट्रांसपोर्ट की सीजी 15 डीएक्स 3920 चिरमिरी से खागा, नफीस की ही बस क्रमांक सीजी 15 डीएक्स 3922 बेमेतरा से लखनऊ दौड़ रही है, कांकेर रोडवेज दुर्ग की बस क्रमांक सीजी 19 बीके 7200 जबलपुर से हैदराबाद, कांकेर की ही बस क्रमांक सीजी 04 एनए 7778 भी जबलपुर से हैदराबाद के अलावा इसी रोडवेज की इसी रोड पर बस क्रमांक सीजी 04 एनए 7767, सीजी 19 बीजे 8882, सीजी 19 बीजे 8838 सभी जबलपुर से हैदराबाद, नरेश बस सर्विस रायपुर की 4 बसें जिनमें से दो रायपुर से इलाहाबाद और 2 फैसाबाद दौड़ रही हैं। मो. अब्दुल राशिद की बस क्रमांक यूपी 65 जेटी 8715 चिरमिरी से खागा, रमेश कुमार यादव की यूपी 70 एचटी 9162 बिलासपुर से इलाहाबाद, पुष्पराज बस सर्विस की यूपी 70 जेटी 3923 बिलासपुर से इलाहाबाद, इसी बस सर्विस की बस क्रमांक यूपी 70 जेटी 9947 बिलासपुर से लखनऊ के अलावा उत्तरप्रदेश के प्रतापगढ़ से संजय सिंह की दो बसें बिलासपुर से सुल्तानपुर, नीरज राय की दो बसें बिलासपुर से इलाहाबाद और राजधानी बस सर्विस के हसन खान की दो बसें बिलासपुर से इलाहाबाद दौड़ रही हैं।

### अधिनियम का उल्लंघन, हादसों को न्यौता

मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 88 (9) के तहत पर्यटन परमिट प्राप्त कर 88 (8) के तहत कांट्रेक्ट कैरिज का रिजर्व परमिट प्राप्त कर लगभग बसें नियमित रूप से छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व उत्तरप्रदेश में सवारियां ढो रही है, अनूपपुर और शहडोल के परिवहन अधिकारियों के साथ ही कबीर चबूतरा अमरकंटक, रामनगर झिरिया टोला व खूंटाटोला वेंकटनगर, सोहागी बैरियर तथा इन जिलों के यातायात पुलिस के मुखिया सभी खुलकर अधिनियम का उल्लंघन और लाखों की कर चोरी कर रहे मोटर मालिकों के सहभागी बन रहे हैं। पूर्व में ऐसी बसें हादसों का शिकार भी हुई है, यदि आने वाले दिनों में कोई हादसा होता है तो, उसका खामियाजा यात्रियों का भुगतना पड़ेगा और अधिकारी फिर एक बार पल्ला झाड़ लेंगे।

### इनका कहना है...

बसों के अवैध संचालन के मामले में जांच के आदेश दिए जायेंगे, यदि अवैध संचालन है तो, अवश्य कार्यवाही होगी।

**कुमार प्रतीक**
**पुलिस अधीक्षक, शहडोल**

## खबर संक्षेप

### स्वयंसेवकों की अगुवाई में निकाली गई कलश यात्रा



**शहडोल।** अयोध्या में होने जा रहे भगवान रामलला के प्राण- प्रतिष्ठा को महोत्सव के रूप में मनाये जाने के उपलक्ष्य में 21 दिसंबर को खंड सिंहपुर के उपखंड अमरहा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मार्गदर्शन में विशाल कलश यात्रा का आयोजन किया। जिसमें समस्त ग्राम वासियों एवं संघ के पदाधिकारी व राजपूत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल के सैकड़ो छात्र-छात्राओं एवं ग्रामवासियों ने पूर्ण मनोयोग से सम्मिलित होकर आज अयोध्या से आए हुए अक्षत कलश को लेकर ग्राम भ्रमण किया गया। कलश यात्रा श्रीदुर्गा मंदिर बस स्टैंड अमरहा से होते हुए ठाकुर बाबा एवं खेर माता मंदिर होते हुए श्री दुर्गा मंदिर में समापन किया गया और सभी भक्तों को प्रसाद वितरण भी किया गया। कलश यात्रा में हजारों की संख्या में राम भक्तों ने यात्रा को संपन्न बनाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे विधि विधान के साथ 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करेंगे, जिसे लेकर ट्रस्ट की ओर से दिन रात काम किया जा रहा है।

### एड्स नियंत्रण पर जागरूकता कार्यक्रम



**शहडोल।** युवा कलाकारों का दल, सम्पूर्ण नाट्य एवं लोक कला समिति द्वारा, राज्य एड्स नियंत्रण समिति भोपाल लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत, इस जागरूकता कार्यक्रम का अभियान पूरे मध्यप्रदेश में चल रहा, शहडोल जिले में भी, युवा लोक एवं नाट्य कलाकार, रंगकर्मी लकी चतुर्वेदी के दल द्वारा, लोगों को, हाट बाजार, आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में जा जा कर, शहर एवं ग्रामीण अंचलों में, गीत, संगीत, नृत्य एवं नाटक के द्वारा, एड्स फैलने और बचाव के बारे में बताया जा रहा है, साथ ही 1097 टोल फ्री नंबर व नाको ऐप के बारे में भी सूचना दी जा रही है, इनके माध्यम से भी आप जानकारी ले सके, 17 दिसम्बर 2023 से लगातार, अलग-अलग स्थानों, ग्रामो में जा कर, जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जनता का समूह, जानकारी प्राप्त कर रहा और स्वस्थ जीवन के बारे में समझ रहा है, कलाकारों में- लकी चतुर्वेदी, विशाल सिंह, गोविंद सिंह, अरूण प्रजापति, वर्षा प्रजापति, अंतिमा सिंह, अनीशा ख़ान, नितिश मिश्रा, अज्जू बर्मन, राम किशन साकेत, विश्वजीत सिंह, अतुल नापित, साहिल वर्मा, हिमांशु पटेल सम्मिलित हैं।

## खेलते-खेलते पानी की टंकी में गिरा दो साल का मासूम

**शहडोल।** घर में बनी स्टील की पानी की टंकी में डूबने से दो वर्षीय मासूम की मौत हो गई है। मां घर के कामों पर लगी थी, पिता घर पर नहीं थे। इस दौरान बच्चा खेलते-खेलते स्टील की पानी टंकी तक पहुंचा और झांकते हुए पानी टंकी में गिर गया और पानी में डूबने से मासूम की मौत हो गई है। सोहागपुर थाना क्षेत्र के कुदरी गांव का रहने वाला दो वर्षीय दिव्यांस बैगा पिता शीशकरण बैगा की इस घटना में मौत हुई है। थाना प्रभारी भूपेंद्र मणि पांडे ने बताया कि मासूम दो वर्ष का है। पिता घर से बाहर थे और मां घर के कामों पर लगी थी। इसी दौरान मासूम घर में खेल रहा था। खेलते-खेलते किचन में रखी स्टील की पानी की टंकी में वह झांकने लगा और झांकते वक्त मासूम उस पानी टंकी में ही जा गिरा। मां जब काम से फुर्सत हुई और पिता घर लौटे तब जाकर मासूम को ढूंढना शुरू कर दिया। काफी देर तलाशने के बाद मासूम कहीं भी दिखाई नहीं दिया। आस-पास के लोग भी इक_ा हो गए और घर के आस-पास मासूम को ढूंढने लगे। तभी घर के अंदर किचन में स्टील की टंकी पर पानी भरा हुआ था। जिस पर मासूम का शव को परिजनों ने देख आनन-फानन में परिजन मासूम के शव को मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया है। घटना की जानकारी पुलिस को लगी सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले पर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद पूरे गांव में मातम छा गया है।

## अर्थशास्त्र परिषद का विश्वविद्यालय में हुआ गठन

**शहडोल।** पंडित एस. एन. शुक्ला विश्वविद्यालय के कुलपति के मार्गदर्शन एवं अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.सुनीता वाथरे के निर्देशन में अर्थशास्त्र परिषद का गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह 21 दिसम्बर को अर्थशास्त्र विभाग में संपन्न हुआ, जिसमें छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। अर्थशास्त्र परिषद के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों को विभागाध्यक्ष द्वारा शपथ दिलाई गई। अर्थशास्त्र परिषद के अध्यक्ष के रूप में सतीश सिंह एमए तृतीय सेम, उपाध्यक्ष नवीन राय एम.ए.प्रथम सेम, सचिव विजय पनाडिय़ा एम.ए. प्रथम सेमेस्टर, सह सचिव संतरा बाई एम.ए. प्रथम सेम, कोषाध्यक्ष पूनम धुर्वे एम.ए. तृतीय सेम, सांस्कृतिक प्रभारी निकिता तिवारी एम.ए.तृतीय सेमेस्टर, सह सांस्कृतिक प्रभारी उमा प्रजापति बी.ए.तृतीय वर्ष, मीडिया प्रभारी सहाना बी एम.ए प्रथम सेम, सह मीडिया प्रभारी लवकुश यादव एम.ए प्रथम सेम एवं सदस्य के रूप में सागर प्रजापति, राहुल अहिरवार, प्रमोद कुमार मसराम, यज्ञवती सिंह, कमलेश सिंह, भारती सिंह, करण, श्रेया दुबे, एवं पिंकी यादव ने शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. संगीता धुर्वे सहायक प्राध्यापक हिंदी विभाग उपस्थित रही। समारोह में अध्यक्षीय दायित्व का निर्वहन विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता वाथरे द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ.अंजनी कुमार सूर्यवंशी, सहायक प्राध्यापक, डॉ. संस्तुति पाण्डेय, डॉ. संतोष पुरी, हार्दिक कुमार, अंकित वर्मा एवं छात्र-छात्राओं की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## गर्म सलाखों से तीन माह की बालिका को दागा

**शहडोल।** आदिवासी अंचल में दगना के मामले ठंड बढऩे के साथ फिर सामने आने लगे हैं। पटासी निवासी रागनी बैगा पिता रामजी बैगा उम्र 3 माह की जिला चिकित्सालय में इलाज के दौरान मौत हो गई। बच्ची की मौत का कारण चिकित्सकों ने निमोनिया बताया है। रागनी के पेट में भी कई निशान थे। यह निशान भी दागने के ही हैं। बच्ची के पेट में ऐसी कोई जगह नहीं थी जहां दागने के निशान न हो। इतने निशान हैं कि गिन पाना भी संभव नहीं है। बताया गया कि बालिका को सांस लेने में तकलीफ थी, लेकिन गांव में इलाज नहीं मिला। बाद में परिजनों ने दगवा दिया था। बंधवा निवासी राजन बैगा पिता हर्षलाल बैगा उम्र 1 माह 15 दिन के पेट में कई जगह दागने के निशान है। बच्चे को जिला चिकित्सालय के पीआईसीयू में भर्ती कराया गया है। हर्षलाल बैगा की पत्नी रामबाई बैगा अपने डेढ़ माह के बच्चे राजन को लेकर अपने मायके बकेली गई हुई थी। वहां बच्चे का स्वास्थ्य खराब हो गया। पसली चलने व पेट में सूजन आने की वजह से बच्चे का इलाज कराने की वजाय रामबाई की मां गांव की ही दाई को बुला लाई। दाई ने गर्म चूडिय़ों से बच्चे के पेट में 12 से अधिक बार दागा है। इसके बाद बच्चे की तबियत में सुधार न होने पर जिला चिकित्सालय शहडोल में भर्ती कराया गया है।



# चोरी की रेत से रेलवे में चल रहा निर्माण कार्य



**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी तहसील क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन के विरुद्ध स्थानीय प्रशासन ताबड़-तोड़ कार्यवाही कर रहा है। वहीं रेलवे स्टेशन में चल रहे निर्माण कार्यों में चोरी की रेत का उपयोग किया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो यहां रेत माफिया सक्रिय हैं और आस-पास अवैध रेत उत्खनन व परिवहन का कारोबार किया जा रहा है। रेलवे परिसर में प्रतिदिन एक-दो हाइवा चोरी की रेत पहुंचती है। पुलिस चोरी की रेत परिवहन करते दर्जन भर ट्रैक्टरों को पकडक़र खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही कर रही है, लेकिन हाइवा से अवैध रेत का परिवहन करने वाले रेत माफिया पर लगाम लगाने से स्थानीय प्रशासन आखिर परहेज क्यों कर रहा है।

रेलवे परिसर क्षेत्र में चल रहे अलग-अलग निर्माण कार्यो में चोरी की रेत का उपयोग धड़ल्ले से हो रहा है। जिसकी सूचना पर मौके पर पहुंचे जिला खनिज विभाग के दो कर्मचारी द्वारा रात में मौके से जेसीबी मशीन और हाइवा पकडक़र थाना परिसर में खड़ा कराया। चर्चा है कि खनिज विभाग के श्री गुप्ता और श्री पट्टा की मिली भगत से क्षेत्र में अवैध रेत का उत्खनन और परिवहन किया जा रहा है। लोगों की शिकायत और वरिष्ठ अधिकारियों के दबाव में आकर यहां कभी कभार अवैध रेत में संलिप्त वाहनों को पकड़ खानापूर्ति कर लेते हैं। पुलिस विभाग द्वारा अवैध रेत परिवहन में लगे करीब दर्जन भर ट्रैक्टरों को पकडक़र खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

### इनका कहना है...

रेलवे परिसर में रात को रेत गिराई जाती है, हमने ब्योहारी थाना में पत्र भेज इसकी सूचना दी है।

**कमल सिंह**
**प्रभारी, आरपीएफ**


खनिज विभाग द्वारा कल रात रेलवे परिसर से हाइवा और




जेसीबी मशीन पकड़ी गई है, जिसे थाना परिसर में खड़ा कराया गया है और उन्हीं के द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

**मुन्नालाल रहंगडाले**
**थाना प्रभारी**
**ब्यौहारी**

## जोन के अपराधों में आई भारी कमी




**शहडोल।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डी.सी. सागर द्वारा ज़ोनांर्गत जिला शहडोल, उमरिया एवं अनूपपुर में दर्ज हुए अपराधों का विश्लेषण किया गया। आंकड़ों के अध्ययन एवं विश्लेषण में पाया गया कि विगत वर्ष 2022 की तुलना में वर्ष 2023 में (जनवरी से नवम्बर तक) शहडोल जोन में कुल अपराधों में 18.4 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई है। इसी प्रकार, अन्य अधिनियमों के तहत दर्ज अपराधों में भी 20.8 प्रतिशत की कमी आई है। जिला शहडोल में कुल अपराधों में 18.15 प्रतिशत, जिला उमरिया में 5.2 प्रतिशत तथा जिला अनूपपुर में 28.6 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई है। इसके साथ ही शहडोल जोन में महिला अपराधों में भी 14.5 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई है। पुलिस महानिदेशक के निर्देशन में समय-समय पर समस्त जिले में एक साथ स्थायी वारंटियों की सघन धरपकड़ एवं फ्लैग मार्च कराई गई, जिसका सकारात्मक प्रभाव परिलक्षित हुआ है। एडीजीपी, डीआईजी, पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा गंभीर अपराधों के घटनास्थल का त्वरित निरीक्षण किया गया, गंभीरता से अपराधों का सतत पर्यवेक्षण एवं विवेचना के लिए समुचित निर्देश दिए गए, जिसके कारण अपराधों के नियंत्रण में सफलता हासिल हुई है। एडीजीपी, डीआईजी, पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा टीम भावना के साथ विभिन्न थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च, रूट मार्च, ग्रामीण एवं शहरी गस्त, रात्रि गस्त, दिवस गस्त कराई गई और गुण्डा, बदमाश एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी प्रतिबंधक कार्यवाही की गई है, इसके कारण भी अपराधों में कमी आई है। शीर्षवार अपराधों में हत्या्, हत्या का प्रयास, डकैती, लूट, गृहभेदन, साधारण चोरी, वाहन चोरी, पशु चोरी, बलवा, चेन स्नेचिंग, आत्महत्या का दुष्प्रेरण, दहेज मृत्यु,, दहेज प्रताडऩा आदि में कमी आई है। जबकि कुछ शीर्ष के अपराधों में वृद्धि भी दर्ज हुई है, जिसके लिए पुलिस अधीक्षकों को अपराधों की समीक्षा कर कमी लाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। एडीजीपी शहडोल जोन द्वारा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को टीम भावना से व्यवसायिक दक्षता के साथ कार्य करने के लिए समय-समय पर प्रेरक समझाईश एवं उद्बोधन दिया गया और देशभक्ति एवं जनसेवा की भावना से कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया गया, वह भी इस परिणाम के लिए मील का पत्थर साबित हुआ है।

## रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में लिवर प्रत्यारोपण की सुविधाएं

**शहडोल।** डॉ. अजित मिश्रा प्रदेश के एकमात्र एवं प्रथम एमसीएच गैस्ट्रो एवं लिवर प्रत्यारोपण सर्जन छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में स्थित रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में अब तक 27 लिवर प्रत्यारोपण किया गया, जिसमें 9 बच्चों का लिवर प्रत्यारोपण किया गया, 4 कैडेवरिक लिवर प्रत्यारोपण किया गया, इसमें सबसे महत्वपूर्व प्रतिशत मृत्यु दर है। जटिल लिवर के कैंसर, पेनक्रियाज के कैंसर का इलाज किया जा रहा है। प्रदेश अत्याधुनिक तकनीक जैसे 3डी, लेपेरोस्कोपिक एवं रोबोटिक द्वारा सूक्ष्म चीरे से जटिल आहार नली, आमाशय, पित्त की थैली, बड़ी आंत एवं छोटी आंत के कैंसर का सफल इलाज किया जा रहा है। शहडोल एवं आस-पास के लोग इस प्रकार की सुविधा का लाभ ले सकते है।

यहां बच्चों एवं व्यस्कों के लिवर प्रत्यारोपण के लिए संपूर्ण विशेषज्ञों की टीम मौजूद है, साथ ही अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त लिवर प्रत्यारोपण सर्जन, एनेस्थियेटिस्ट, इंटेसिविस्ट एवं फिजिशियंस की टीम भी है, प्रत्यारोपण मरीज के लिए अलग ऑपरेशन थियेटर, आई.सी.यू., कमरे एवं वार्ड उपलब्ध है, ऑपरेशन से पहले एवं ऑपरेशन के बाद की देखभाल के लिए अलग से प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ की सुविधा भी उपलब्ध है।

छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि संपूर्ण मध्यभारत में विश्वस्तरीय चिकित्सा एवं सर्जरी की अत्याधुनिक सुविआओं से लेस रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल अपनी चिकित्सकीय सेवाओं में लगातार विस्तार करते जा रहे है, जिसके लिए लोग अभी तक मैट्रो शहर या विदेशो में इलाज कराने जाते हैं, उन्हें अब मैट्रो शहर या विदेशो में जाने की जरूरत नहीं, उन्हें सभी बेहतर चिकित्सकीय सेवाएं रायपुर में ही प्राप्त हो रही है। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के मेडिकल एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे जो 35 वर्षों से भी अधिक वर्षों के अनुभवी व कुशल सर्जन के रूप में विख्यात है, जिन्होंने अपने कठिन परिश्रमों व प्रयासों से रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल को श्रेष्ठ व विश्वस्तरीय हॉस्पिटल का स्थान दिलाया।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस का कल पुष्पराजगढ़ में होगा आयोजन

**राजेन्द्रग्राम।** राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण दिवस 24 दिसम्बर के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन विकासखण्ड पुष्पराजगढ़ के स्वसहायता भवन में दोपहर 12 बजे से किया गया है। उक्ताषय की जानकारी देते हुए जिला आपूर्ति अधिकारी अनूपपुर ने बताया है कि कार्यक्रम में उपभोक्ताओं को उनके अधिकारो के प्रति जागरूक किया जाएगा एवं उनके समस्याओं का निदान किया जाएगा।

### 371 करोड़ की पीएलपी 2024-25 का विमोचन



**उमरिया।** जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक में कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य, ने नाबार्ड द्वारा तैयार उमरिया जिले में वर्ष 2024-25 के लिए संभाव्यता युक्त ऋण योजना का विमोचन किया। रुपए 371.02 करोड़ की यह योजना भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार तैयार की गई है. नाबार्ड के जिला विकास प्रबन्धक, अपूर्व गुप्ता ने बताया की संभाव्यतायुक्त ऋण योजना दस्तावेज़ में ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध भौतिक संभाव्यता का बैंक ऋण के माध्यम से दोहन की संभावना का आकलन किया जाता है। इस संभाव्यता आकलन के दौरान जिले में वर्तमान में उपलब्ध अधोसंरचना, संभाव्यता के पूर्ण दोहन के लिए अपेक्षित अतिरिक्त अधोसंरचना, पिछले वर्ष में बैंक ऋण प्रवाह और आगामी वर्ष में संभावित अन्य परिवर्तनों को ध्यान में रखा जाता है. उन्होंने बताया कि विकास और उनके लिए अपेक्षित संसाधनों के मध्य एक सार्थक संबंध स्थापित करने के लिए आगामी वित्तीय वर्ष के लिए जिले की संभाव्यता युक्त ऋण योजना तैयार की गई है. अग्रणी बैंक प्रबन्धक, श्री कुमार चामुर्ती ने बताया कि इस संभाव्यता युक्त ऋण प्रणाली के आधार पर अग्रणी बैंक द्वारा अगले वित्तीय वर्ष के लिए जिले का वार्षिक क्रेडिट प्लान आरबीआई के लीड बैंक स्कीम के तहत बनाया जाता है। इस ऋण योजना में फसल उत्पादन रखरखाव व वितरण के लिए रुपए 164.47 करोड़, कृषि व संबंधित क्षेत्रों में निवेश ऋण के लिए रुपए 40.59 करोड़, कृषि आधारित संरचना एवं सहयोगी इकाइयों के लिए रुपए 25.56 करोड, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए रुपए 115.00 करोड, और अन्य प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों के लिए रुपए 25.40 करोड़ की ऋण संभाव्यता का आकलन किया गया है. नाबार्ड अधिकारी ने बताया कि गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष ऋण संभाव्यता में 34.10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस अवसर पर विभिन्न बैंक के वरिष्ठ अधिकारी, लीड बैंक अधिकारी, ज़िला उद्योग व्यापार केंद्र, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य पालन एवं पशुपालन विभाग व अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविरों का आयोजन

**उमरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले में शिविरों का आयोजन लगातार जारी है । 22 दिसंबर को मानपुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत बम्नगवां, चंसुरा , पाली जनपद पंचायत के ग्राम बरबसपुर, सलैया 2 तथा करकेली जनपद पंचायत के ग्राम अखडार एवं ओबरा में शिविरों का आयोजन किया गया तथा शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के हितलाभ वितरित किए गए। पाली जनपद पंचायत के ग्राम बरबसपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में एसडीएम पाली टी आर नाग, जिला पंचायत सदस्य बेला सैय्याम , जनपद सदस्यी पाली सोमवती बैगा सहित जिला प्रमुख अधिकारी, खण्डथ स्त्रीय अधिकारी, सरपंच सलैया कीर्ति सिंह सरपंच गिंजरी नान्हू एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे । एसडीएम पाली ने कहा कि सरकार की मंशा है कि शासन की योजनाओं का लाभ आम जनता तथा पात्र हितग्राहियों को मिले, उन्हें लाभ पाने के लिए भटकना नही पडे , इसी उददेश्य से हर ग्राम पंचायत में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

---

**मलमाथर में प्रभारी सचिव ने किया खुलेआम भ्रष्टाचार**

# भ्रष्टाचार रोकने में नाकाम प्रशासनिक अधिकारी

**वेण्डर के साथ मिलकर चोरी का खनिज खरीदने का आरोप**




**शहडोल।** सरकार सहित कई सरकारी संगठनों द्वारा भ्रष्टाचार को समाप्त करने के उद्देश्य से एक से बढक़र एक कदम उठाया जा रहा है, लेकिन भ्रष्टाचार पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। पंचायतों के विकास के लिए आई राशि का बंदरबांट खुलेआम हो रहा है, पंचायत के जिम्मेदार अवैध कमाई के लिए वेण्डरों के साथ मिलकर फर्जी बिलों पर लगातार भुगतान कर रहे हैं। जिले की जनपद पंचायत गोहपारू की ग्राम पंचायत मलमाथर में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है, प्रभारी सचिव द्वारा दर्जनों की संख्या में फर्जी भुगतान किये हैं, इसके आरोप पूर्व में लगे थे, पंचायतों में होने वाले भ्रष्टाचार पर कार्यवाही की जगह अब जांच दल समझौते में ज्यादा विश्वास रखता है, शिकायतकर्ताओं पर दबाव बनाकर या अन्य किसी प्रकार से समझौता कराकर मामले को ठण्डे बस्ते में डाल दिया जाता है, इसके बाद शिकायतों को फर्जी बताकर मामला रफा-दफा कर दिया जाता है, मलमाथर पंचायत में दर्जनों भ्रष्टाचार के प्रमाणित आरोप के बाद आज तक कुछ नहीं हो पाया, इससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस स्तर का भ्रष्टाचार पंचायत से लेकर जनपद में पनप रहा है।

#### भरा गया फर्जी मस्टर

वर्तमान में संभागायुक्त की कुर्सी खुद प्रभार के भरोसे चल रही है, बीते माहों में ग्रामीणों ने कमिश्नर को दी गई शिकायत में बताया था कि सुखलाल पनिका के घर के पास पुलिया निर्माण का कार्य अधूरा है, लेकिन पैसा पूरा निकाल लिया गया, सामुदायिक शौचालय का निर्माण भी अधूरा है, राजू यादव के खेत के पास डैम सफाई के नाम पर राशि आहरित कर ली गई, पंचायत के बाउण्ड्री वाल में 18 मीटर कार्य शेष है, लेकिन पैसा निकाल लिया गया, लालमन बैगा के घर के पास तालाब का गहरीकरण के नाम 4 सप्ताह का पैसा निकाल लिया गया, फर्जी मस्टर भरा गया है, तमाम शिकायतों के बावजूद जांच नहीं हो सकी और वर्तमान में प्रभारी सचिव, सरपंच मिलकर शासन की राशि को खुलकर चूना लगा रहे हैं।

#### कमीशन की ओर इशारा

प्रशासन को चुनौती देते हुये ग्राम पंचायत मलमाथर में प्रभारी सचिव ने भ्रष्टाचार का ऐसा खेल-खेला है, जिससे पंचायत का विकास तो नहीं हुआ, लेकिन जिम्मेदारों ने खुद का विकास कर लिया है, जिले में रेत खदान न होने के बावजूद चोरी की रेत की सप्लाई वेण्डर द्वारा की गई, इसका भुगतान पंचायत ने जीएसटी सहित कर दिया, हालाकि चर्चा है कि मलमाथर पंचायत में कहीं उच्चाधिकारियों की रजामंदी से यह सब तो नहीं हो रहा है, इसी वजह से उच्चाधिकारी मौन हैं, पंचायत के प्रभारी सचिव के काले कारनामों या फर्जी बिलों की जांच आज तक नहीं हुई, कुल मिलाकर कार्यवाही न होना अधिकारियों के कमीशन की तरफ इशारा कर रही है।

#### शिकायतकर्ताओं पर कार्यवाही क्यों नहीं

ग्राम पंचायत मलमाथर के ग्रामीणों ने जनपद के मुखिया से शिकायत करते हुए बताया था कि नाडेप निर्माण के दौरान बगैर कुर्सी एवं बेस नहीं डाले, नाडेप का निर्माण किया गया, इसके अलावा निर्माण स्थल की जानकारी भी अधिकारी को दी गई थी, लेकिन साहब पूर्व से मिल रहे कमीशन के चक्कर में भ्रष्टाचार की शिकायत पर जांच कराकर जिम्मेदारी तय नहीं कर सके, ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों का आरोप है कि स्थानीय लोगों ने फर्जी शिकायत की थी, लेकिन समझ से यह परे है कि पंचायत की हुई फर्जी शिकायत के बावजूद पंचायत के जिम्मेदारों ने शिकायतकर्ताओं पर कार्यवाही की मांग आखिर क्यों नहीं की।

#### दोषियों पर कार्यवाही की मांग

रेत के अवैध उत्खनन और उस पर कार्यवाही करने व अवैध कारोबार को रोकने का जिम्मा शासन का है, लेकिन पंचायत के जिम्मेदार खुद ही चोरी की रेत खरीद रहे है और शासन के खजाने से भुगतान कर रहे हैं, मलमाथर पंचायत में मेसर्स निशांत ट्रेडर्स द्वारा 20 ट्राली रेत की सप्लाई तब की है, जब रेत की खदान और भण्डारण ही स्वीकृत नहीं थे, लेकिन जांच टीम ने पंचायत में क्या जांच की और प्रमाणित भ्रष्टाचार और चोरी की रेत खरीदी पर आखिर क्यों कार्यवाही नहीं हो सकी, यह समझ से परे है, आरोप है कि पुरानी बाउण्ड्री वाल को छिलवा कर उसे फिर नया कर दिया, जागरूक लोगों ने मांग की है कि पंचायत में हुए भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के साथ ही पूर्व में किये गये भ्रष्टाचार की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाये।

---

## समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाए कार्य:कलेक्टर



**उमरिया।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाए अन्यथा संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर का निर्माण दिसंबर माह तक पूर्ण कर लिया जाए, मनरेगा के कार्यो में श्रमिकों की संख्या बढाई जाए। इसी तरह सामुदायिक गौशाला के कार्य पूरे कर उन्हें संचालित भी किया जाए। वाटरशेड मिशन के माध्यम से संचालित कार्यो में तेजी लाई जाए। आपने कहा कि संबंधित सीईओ जनपद पंचायत, परियोजना अधिकारी मनरेगा, कार्यपालन यंत्री आर ई एस, सभी निर्माण कार्यो की स्थल मानीटरिंग भी सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जो सामुदायिक स्वच्छता परिसर बनाये गये है, उनका उपयोग भी सुनिश्चित किया जाए। इसी तरह डीएमएफ के कार्यो की समीक्षा करते हुए पुराने कार्यो को शीघ्र पूर्ण कर सीसी जारी करने के निर्देश दिए। बस्ती विकास निधि से जारी कार्यो की समीक्षा करते हुए समिति गठित कर कार्यो का स्थल निरीक्षण करानें, प्रधानमंत्री जन धन योजना तथा प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना का प्लान तैयार करने के निर्देश भी दिए। सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना स्वच्छता मिशन, मनरेगा, अमृत सरोवर, सरकार की प्राथमिकता के कार्य है। इन सभी कार्यो में तेजी से प्रगति लाई जाए तथा जो कार्य पूरे नही हुए है उनके कारण सहित जानकारी प्रेषित की जाए। आपने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण कार्यो में गुणवत्ता तथा समय सीमा में पूरा नही होने पर संबंधित के विरूध्द कार्यवाही की जाएगी । बैठक में सीईओ जिला पंचायत इला तिवारी, सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग अखिलेश पाण्डेय, कार्यपालन यंत्री आर ई एस, सीईओ जनपद पंचायत करकेली प्रेरणा सिंह, मानपुर राजेंद्र त्रिपाठी, अनुविभागीय अधिकारी एवं उपयंत्री सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे ।

## कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलाई सुशासन की शपथ



**उमरिया।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी व्दारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म दिवस 25 दिसंबर के एक दिन पूर्व 24 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप मे मनाया जाएगा। 23 दिसंबर को शनिवार का शासकीय अवकाश होने के कारण समस्त शासकीय कार्यालयों मे शासकीय अधिकारी, कर्मचारियो के व्दारा 22 दिसंबर 2023 को प्रातः 11.00 बजे सुशासन दिवस की शपथ ली गई । इस दौरान कलेक्टोर बुध्देश कुमार वैद्य एवं पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने अधिकारियों , कर्मचारियों को शपथ दिलाई कि मैं सत्य निष्ठाद से शपथ लेता हूं कि मैं प्रदेश में सुशासन के उच्चथतम मापदण्डों को स्था पित करने के लिए सदैव संकल्पित रहूंगा । शासन की अधिक पारदर्शी, सहभागी, जन कल्या्ण केनद्रित तथा जवाबदेह बनाने के लिए हर संभव प्रयास करता रहूंगा । प्रदेश के नागरिकों के जीवन के जीवन स्तर मे सुधार लाने के लक्ष्य को पाने के लिए सदैव तत्पर रहूंगा । इस अवसर पर उप संचालक बीटीआर विवेक सिंह, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम मानपुर कमलेश पुरी, तहसीलदार सतीश सोनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## विधायक दिलीप जायसवाल को नए मंत्रिमंडल में जगह देने की मांग



**बिजुरी।** मध्य प्रदेश में हो रहे नवगठित मंत्रिमंडल में शहडोल संभाग की भूमिका महत्वपूर्ण रहने की संभावना है, शहडोल संभाग की सबसे चर्चित इकलौती सामान्य कोतमा विधानसभा सीट से नवनिर्वाचित विधायक दिलीप जायसवाल जिनके मंत्री बनाए जाने के प्रबल संभावनाएं दिख रही है, कोतमा विधानसभा सीट जिसमें जीत का अंतर भी जिले व संभाग में सबसे ज्यादा है, वही विधायक दिलीप जयसवाल जो दूसरी बार विधायक के रूप में विधानसभा में प्रवेश किए हैं जिससे उनकी वरीयता भी बनती है। कोतमा विधानसभा के जुझारू विधायक दिलीप जायसवाल जो अपने पूर्व कार्यकाल के दौरान काफी सक्रिय विधायक के रूप में जाने जाते थे। जिले के कोतमा विधानसभा क्षेत्र की जनता मुख्यमंत्री मोहन यादव से मांग की है कि मध्य प्रदेश के अंतिम छोर में बसे पिछड़े अनूपपुर जिले के विकास हेतु कोतमा क्षेत्र के विधायक दिलीप जायसवाल को मंत्रिमंडल में स्थान देकर जिले के मतदाताओं का सम्मान बढ़ाएं।

## पार्क के पर्यटन जोन में पर्यटन प्रयोजनों हेतु निर्देशों को लागू के दिए गए निर्देश

**उमरिया।** अपर प्रधान मुख्यल वन संरक्षक मध्यपप्रदेश भोपाल ने बताया कि रिजर्व के अंतर्गत आने वाले पर्यटन जोन में 21 दिसम्बर से 5 जनवरी तक निर्देश जारी किये जाते हैं। टाइगर रिजर्व के प्रवेश द्वार पर पार्क में प्रवेश के पूर्व पर्यटकों के अनुज्ञापत्र का अनिवार्य रूप से चेक किया जाना, साथ ही संबंधी पर्यटकों की पहचान पत्र (आई.डी.) की जांच किया जाना। प्रवेश द्वार पर अनुज्ञापत्र/पहचान पत्र (आई.डी.) की जांच करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखा जावे की पर्यटकों को किसी भी तरह की परेशानी न हो। निर्धारित किये गये पर्यटन जोन में ही सफारी वाहन प्रवेश करेंगे उसके अतिरिक्त अन्य पर्यटन जोन में प्रवेश वर्जित रहेगा। सफारी वाहनों कि स्पीड नियमानुसार हों, वाहन चालक वाहनों की दूरी निर्धारित बनाये रखें। सफारी वाहनों का वन्यप्राणियों से निर्धारित दूरी होना। जिन टाइगर रिजर्व में बघीरा ऐप संचालित किया जा रहा है उसका कढ़ाई से पालन किया जावे। पार्क के अंदर विभिन्न स्थानों पर रैंडम स्पॉट चेकिंग किया जावे। व्यवस्था के कढ़ाई से पालन कराये जाने हेतु पार्क में पदस्थ अधिकारी/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जावे। यदि आवश्यक हो तो ऐसे अधिकारी/कर्मचारियों जो कि पर्यटन जोन में पदस्थ नहीं है उनकी भी ड्यूटी लगाई जावे।

# कायाकल्प योजना के तहत बन रही गुणवत्ताहीन सड़क



**अनूपपुर/कोतमा।** नगर पालिका के द्वारा कायाकल्प योजना के तहत बाजार एरिया की जर्जर सड़कों के मरम्मत का कार्य करवाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री कायाकल्प योजना के तहत नगर पालिका की साथ सड़कों के मरम्मत कर के लिए परिषद के द्वारा लगभग 62 लख रुपए खर्च कर सड़क के ऊपर सड़क बनाते हुए डामरीकरण का कार्य करवाया जा रहा है। नगर में जन चर्चा का विषय बना हुआ है कि जो डामरीकरण का कार्य ठेकेदार के द्वारा किया जा रहा है उसमें गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बनते ही सड़कों से गिट्टियां निकल रही है वहीं आजाद चौक के पास रूपकला स्टूडियो के सामने गुणवत्ता विहीन डामरीकरण सड़क का निर्माण कर करवाया गया है सड़क पर अभी से पानी भरने लगा है जबकि सड़क को बने हुए मात्र दो दिन ही हुए हैं। ऐसे में कैसे यह सड़क ज्यादा दिन चल पाएगी यह मौके से देखने से ही पता चलता है। बरसात में तो सड़क पर पानी भरने के कारण सड़क में गड्ढे हो जाएंगे और धीरे-धीरे सड़क उखड़ कर जर्जर स्थिति में हो जाएगी। नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से गुणवत्ता युक्त सड़क बनवाये जाने की मांग करते हुए आजाद चौक के पास की सड़क का दोबारा मरम्मत का कार्य करवाए जाने की मांग की है।

# कोतमा में जुगाड़ के भरोसे चल रही स्वास्थ्य सुविधाएं

**उपचार की जगह मरीज को किया जा रहा रेफर**

**अनूपपुर/कोतमा।** मध्यप्रदेश की सबसे पुरानी तहसीलों में से एक कोतमा तहसील में स्वास्थ्य सुविधाएं कभी भी संतोषजनक नहीं रही हैं। लगभग 2 लाख 50 हजार की आबादी और 848 वर्ग किलोमीटर में फैली कोतमा तहसील में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोतमा में प्रतिदिन 250 से 300 मरीज पहुंचते हैं।




कोतमा के पूर्व विधायक सुनील सराफ द्वारा चिकित्सकों की नियुक्ति, अस्पतालों में सुविधाओं का विस्तार के साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के उन्नयन की बात कही थी जिसमे कोठी का उन्नयन हुआ लेकिन स्टाफ आज तक नहीं, सिर्फ आश्वासनों और चुनावी वादों तक ही बेहतर इलाज की बाते सीमित होकर रह गई हैं। कोतमा तहसील में शासन के नियमानुसार 37 चिकित्सकों की आवश्यकता है, जबकि वर्तमान में महज 5 चिकित्सक ही बीमारों का उपचार कर रहे हैं। इन चिकित्सकों को भी व्यवस्था के अनुसार यहां से वहां किया जाता रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों से चिकित्सकों का स्थान परिवर्तन व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से मरीजो को रेफर का जुगाड़ कर चिकित्सा व्यवस्था का संचालन किया जा रहा है।

#### उन्नयन के बाद भी अव्यवस्था

कोतमा तहसील में पूर्व में एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोतमा संचालित था। 3 वर्ष पूर्व कोठी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रके रूप में उन्नयन कर दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या 2, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या 7 तथा उप स्वास्थ्य केन्द्रों की संख्या 44 है। इलाज के नाम पर आलीशान भवन खड़े कर दिए गए, लेकिन इन भवनों में चिकित्सकों और दूसरे स्टाफ की नियुक्ति नहीं हो पाई है।

#### चिकित्सक विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

राजनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मे राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत एक महिला चिकित्सक की नियुक्ति तो कर दी गई है। बेलियाबाड़ी में पदस्थ महिला चिकित्सक को अस्थाई तौर पर कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में तैनात कर दिया गया है। वर्तमान में बलिया बड़ी स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर गणेश प्रजापति की नियुक्ति कर दी गई है। चिकित्सक डा. योगेश धनवार एक अन्य चिकित्सक को कोठी मे पदस्थ किया गया है। जिसकी वजह से व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही है।

**चिकित्सकों की कमी, अब तक नहीं भर पाए रिक्त पद**

#### दर्जा तो मिला पर सुविधाएं नहीं

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में निर्धारित मापदंड के अनुसार 15 चिकित्सक होने चाहिए। जिनमें विषय विशेषज्ञों के साथ ही 6 मेडिकल आफिसर भी शामिल हैं। कोठी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सितंबर माह में उन्नयन करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा दे दिया गया। वर्तमान में इस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सिर्फ दो चिकित्सक ही अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

#### 44 उप स्वास्थ्य केन्द्रों का यही हाल

उप स्वास्थ्य केन्द्रों में भी गाइड लाइन के अनुसार एक बहुउद्देशीय महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता तथा एक पुरूष स्वास्थ्य कार्यकर्ता होना चाहिए। वर्तमान में महज 8 पुरूष हेल्थ वर्कर ही तैनात हैं, इन 8 में से भी सिर्फ एक की तैनाती उप स्वास्थ्य केन्द्र में है। 6 हेल्थ वर्करों से सुपरवाइजर का कार्य लिया जा रहा है, वहीं एक हेल्थ वर्कर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोतमा में लेखापाल के रूप में नियुक्त कर दिया गया है। एएनएम के भरोसे ही उप स्वास्थ्य केन्द्रों का संचालन हो रहा है।

#### वादे जो अब तक रहे अधूरे

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा को सिविल अस्पताल का दर्जा दिलाए जाने की मांग काफी दिनों से नगरवासी कर रहे हैं यहां तक कि एक प्रतिनिधिमंडल भोपाल जाकर मुख्यमंत्री से सिविल अस्पताल का दर्जा दिलाए जाने की मांग भी की थी। सिविल अस्पताल का दर्जा मिल जाने के बाद स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों के साथ कर्मचारियों की भी पदस्थापना हो जाएगी जिससे आमजन को सुलभ स्वास्थ्य की सुविधा मिलने लगेगी लेकिन आज तक ऐसा नहीं होने से कोतमा अस्पताल मात्र चार चिकित्सक के भरोसे चल रहा है। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनोज कुमार गुप्ता का स्थानांतरण इंदौर जिले के लिए हो गया है लेकिन उनकी जगह अभी कोई विशेषज्ञ की पदस्थापना नहीं की गई है वह भी जगह खाली हो गया है। बाकी पेरा फेरी के डॉक्टरों के भरोसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा की व्यवस्था चल रही है।

## खबर संक्षेप

### कमिश्नर ने अवकाश पर लगाई रोक

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का रीवा में 27 दिसम्बर को दौरा कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री डॉ यादव प्रस्तावित दौरा कार्यक्रम में रीवा तथा शहडोल संभाग में विकास कार्यों एवं कानून और व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। इसे ध्यान में रखते हुए रीवा तथा शहडोल संभाग के कमिश्नर अनिल सुचारी ने मुख्यमंत्री जी का प्रस्तावित दौरा होने तक सभी संभागीय अधिकारियों के अवकाश पर रोक के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर ने कहा है कि दोनों संभागों के संभागीय अधिकारी निर्धारित मुख्यालय में निवास करें तथा कमिश्नर से अनुमति प्राप्त करने के बाद ही मुख्यालय से बाहर जाएं। इस आदेश का संभागीय अधिकारी अधीनस्थों से भी पालन सुनिश्चित कराएं।

### खनिज प्रतिष्ठान के विकास कार्यों की बैठक आज

**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद की अध्यक्षता में गुरूवार 22 दिसंबर कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला खनिज प्रतिष्ठान मद के विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा की जायेगी, बैठक में पूर्व वर्षों में एवं पूर्व की बैठकों में जारी प्रशासकीय स्वीकृति के अंतर्गत निर्माण कार्यों की जानकारी सहित बैठक में संबंधित विभाग एवं अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिये गये।

### जिला पंचायत ए ग्रेड के साथ प्रदेश में टॉप फाइव में

**कटनी।** जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत की सतत निगरानी की वजह से जिला पंचायत कटनी सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के संतुष्टि पूर्ण निराकरण के मामले में प्रदेश स्तर पर जारी ग्रेडिंग में प्रथम समूह में ₹ए₹ ग्रेड के साथ टॉप 5 में रहकर पांचवे पायदान पर रही है। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत द्वारा माह नवंबर 2023 में सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त 481 शिकायतों को 87.32 कुल वेटेज के साथ निराकरण किया गया है। सीईओ श्री गेमावत ने सीएम हेल्पलाइन का कार्य देख रहे अधिकारी कर्मचारियों के बेहतर कार्य पर बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

### आवारा मवेशियों के मुक्त प्रवेश से पूरा मैदान गंदगी और बदबू से पटा

# नशेड़ियों, अवांछित तत्वों का अड्डा बना सुभाष स्टेडियम



**धनपुरी।** सोहागपुर कोलांचल का एक इकलौता खेल मैदान सुभाष स्टेडियम धनपुरी कालरी नंबर 3 में स्थित है जहां कालरी के द्वारा करोड़ों की लागत से स्टेडियम मे खेल प्रेमियों के लिए बैठने स्टैंड की व्यवस्था बनाई गई है। कभी खेल प्रतिभाओं को तराशने के साथ ही विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन का केंद्र रहा स्टेडियम अब अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। एसईसीएल एवं सोहागपुर कोयलांचल प्रबंधन द्वारा अपने अधिकारी कर्मचारी उनके परिजनों के साथ ही क्षेत्रीय नागरिकों व खेल प्रतिभाओं की सुविधा के लिए सौगात तो अच्छी दी गई लेकिन मौजूदा समय में स्टेडियम का रख रखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था देखने वाला कोई नहीं है।

#### हालात बदतर

सूत्रों की मानें तो स्टेडियम की हालत बहुत ही खराब है। मुख्य गेट 12 महिने 24 घंटे खुला रहता है, यह हाल है कि यहां मवेशियों के बैठने से गंदगी व बदबू पसरी रहती है। स्टेडियम में लोगों को बैठने के लिए स्टैंड भी बनाया गया है, शाम होते ही स्टेडियम स्टैंड में मनचलों, शराबी, नशेड़ियों का बोलबाला रहता है नशेड़ियों के द्वारा नशा तो किया ही जाता है, सीसी बोतल को वह ग्राउंड में फेंक देते हैं जिससे जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।

शीशी-बोतलों की भरमार

सुभाष स्टेडियम धनपुर नंबर 3 में वर्षो पूर्व राष्ट्रीय गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट, क्रिकेट, हॉकी, अन्य खेल मैदान में होते रहे हैं खेल मैदान में सीसी बोतल कंकड पत्थर फैले रहते है। इस मैदान पर खेलने, फुटबॉल क्रिकेट का एक्सरसाइज करने, सुबह-सुबह फिटनेस बनाने काफी संख्या में खेल प्रेमी नगर वासी स्टेडियम पहुंचते हैं जहां सुबह का समय कम रोशनी होने के चलते रात में फेके गए नशेड़ियों के द्वारा मैदान में सीसी बोतल पड़े होते हैं जिससे गंभीर रूप से घायल होना निश्चित है।

#### हर समय खतरा

खेल स्टेडियम में बच्चे खेलने सुबह सुबह आते हैं। हां यह जरूर है कि शाम के बाद यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लग जाता है। जो स्टेडियम के लिए बनाए गए स्टैंड में बैठकर शराबखोरी करते हैं। और सुबह बच्चे खेल पहुंचते हैं तो पहले सीसी बोतल को हटाते बिन्ते हैं फिर खेल डर डर खेलते हैं कहीं टूटे सीसी से खेलते हुए पैर जख्मी न हो जाए।

#### मनचलों की महफिल

सुभाष स्टेडियम में खेल प्रेमियों के लिए बैठने के लिए स्टैंड का निर्माण कराया गया है जिसकी रखरखाव सुरक्षा व्यवस्था न कालरी प्रशासन के द्वारा और ना ही पुलिस प्रशासन के द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। स्टेडियम और स्टैंड तो आलीशान बनाया गया है, लेकिन स्थानीय लोग ही इसकी उपेक्षा कर रहे हैं। जहां बच्चों को खेलने के लिए जाना चाहिए, वहां शाम ढलते ही मनचलों की महफिल जमा हो जाती है। स्टेडियम की देखरेख के लिए कोई व्यवस्था नहीं बनाई गई है। असामाजिक तत्वों के हौसले बड़े हुए हैं ।

#### पुलिस भी निष्क्रिय

आजाद हिंद फाउंडेशन के संयोजक सचिन दाहिया जिला शहडोल ने बताया कि सुभाष स्टेडियम धनपुरी काली नंबर 3 खेल मैदान बने स्टैंड में शाम होते ही सामाजिक तत्वों का जमावड़ा बना रहता जहां पर शराब कोरी नशाखोरी किया जाता है और सीसी बोतल को ग्राउंड में फेंक दिया जाता है इससे सुबह-सुबह खेल मैदान में बच्चे पुरुष फिटनेस बनाने पहुंचते हैं लेकिन मैदान में शीशे पत्थर के टुकड़े पड़े रहने से लोगों को दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। अमलाई थाना के पूर्व टी आई (पुलिस) के द्वारा स्टेडियम में दो तीन बार शाम ,रात में गश्त की जाती थी उस समय असामाजिक तत्वों पर अंकुश लग गया लेकिन नये टीआई आने के बाद से स्टेडियम में गस्त न लगने से सामाजिक तत्वों का हौसला बढ़ा हुआ है।



# मानव कल्याण आश्रम में 24 घंटे अखण्ड श्रीमद्भगवद्गीता पाठ का आयोजन

**बुढ़ार।** मानव कल्याण आश्रम गीता धाम कटकोना बुढ़ार₹,में चौबीस घंटे अखण्ड गीता पाठ का आयोजन किया गया है जो निरन्तर चलता रहेगा, शनिवार को₹गीता जयंती₹के पावन दिवस पर हवन व आरती के साथ अपनी पूर्णता को प्राप्त करेगा, इसके बाद ₹आध्यात्मिक भजन व सत्संग₹का कार्यक्रम अपराह्न में होना है,,, ₹अखण्ड श्रीमद्भगवद्गीता पाठ₹,का प्रारम्भ पंडित नारायण शर्मा के द्वारा वैदिक मंत्रों के उच्चरण के मध्य पूजन-अर्चन कराया गया एवं श्री राधा कृष्ण मंदिर के पुजारी पंडित रामदीन शर्मा के द्वारा पाठ प्रारंभ हुआ, जिसमें क्रम से सभी अध्यात्म प्रेमी₹गीता पाठ₹कर अपने जीवन को धन्यता की ओर ले जाएंगें,, इस अखण्ड श्रीमद्भगवद्गीता पाठ में महिला-पुरुष, छात्र-छात्राएं, अपनी सुविधानुसार सहभागी बनें,,₹गीता- धाम₹पहुंच कर,,, क्षेत्र के सभी अध्यात्म प्रेमियों व सनातन धर्मावलंबियों के साथ मानव मात्र से,आग्रह किया गया है।




# एड्स नियंत्रण पर नौटंकी शैली के माध्यम से शहर, ग्रामीण क्षेत्रों में फैला रहे जागरूकता

**शहडोल।** नौटंकी शैली में, लोक कलाकारों का दल कर रहा जिले में एड्स नियंत्रण के प्रति जागरूक, शहडोल युवा कलाकारों का दल, सम्पूर्ण नाट्य एवं लोक कला समिति द्वारा, राज्य एड्स नियंत्रण समिति भोपाल लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत, इस जागरूकता कार्यक्रम को अभियान के रूप में समूचे प्रदेश में चल रहा जिसमें शहडोल जिले के, युवा लोक एवं नाट्य कलाकार, रंगकर्मी लकी चतुर्वेदी के दल द्वारा, शुक्रवार को शहर के लोगों को जागरूक करते हुए हाट बाजार, आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में जा जा कर, शहर एवं ग्रामीण अंचलों में, गीत, संगीत, नृत्य एवं नाटक के द्वारा, एड्स फैलने और बचाव के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दे रहे है। साथ ही 1097 टोल फ्री नंबर वा नाकों ऐप के बारे में भी सूचना दी जा रही है, कि इनके माध्यम से भी आप जानकारी लेकर बचाव कर सकते हैं, विगत 17 दिसम्बर 2023 से लगातार, अलग-अलग स्थानों एवं ग्रामीण क्षेत्र में जा कर, जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जनता का समूह, जानकारी प्राप्त कर रहा और स्वस्थ जीवन के बारे में समझ रहा है। जागरुकता दल में कलाकारों में- लकी चतुर्वेदी, विशाल सिंह, गोविंद सिंह, अरूण प्रजापति, वर्षा प्रजापति, अंतिमा सिंह, अनीशा ख़ान, नितिश मिश्रा, अज्जू बर्मन, राम किशन साकेत, विश्वजीत सिंह, अतुल नापित, साहिल वर्मा, हिमांशु पटेल अपना योगदान दे रहे हैं।




# उप मुख्यमंत्री दो दिवसीय प्रवास पर आएंगे रीवा

**रीवा।** प्रदेश के राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल 23 दिसम्बर को दो दिवसीय प्रवास पर रीवा आएंगे। उनके साथ प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल का भी रीवा आगमन हो रहा है। राज्यपाल श्री पटेल के साथ उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल 23 दिसम्बर को प्रातः 10.10 बजे हेलीकाप्टर से भोपाल से प्रस्थान कर प्रातः 11.50 बजे हेलीपैड सैनिक स्कूल रीवा पहुंचेंगे। राज्यपाल प्रातः 11.55 बजे हेलीपैड से कार द्वारा प्रस्थान कर श्यामशाह मेडिकल कालेज रीवा पहुंचेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल भी उनके साथ होंगे। राज्यपाल मेडिकल कालेज परिसर में नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री भी उनके साथ होंगे। इसके बाद राज्यपाल मेडिकल कालेज परिसर से प्रस्थान कर दोपहर 12.15 बजे कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम पहुंचेंगे। उप मुख्यमंत्री भी उनके साथ इस कार्यक्रम में उनके साथ शामिल होंगे। समारोह में दोपहर 12.55 बजे अध्यक्षता कर रहे उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल का उद्बोधन होगा। समारोह संपन्न होने पर उप मुख्यमंत्री सर्किट हाउस के लिए प्रस्थान करेंगे। उप मुख्यमंत्री दोपहर 2.15 बजे सर्किट हाउस से कार द्वारा ग्राम बैसा के लिए प्रस्थान करेंगे। उप मुख्यमंत्री राज्यपाल श्री पटेल के मुख्य आतिथ्य में ग्राम बैसा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री ग्राम बैसा से दोपहर 3.40 बजे प्रस्थान कर शाम 4 बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे। उप मुख्यमंत्री शाम 4.30 बजे कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित कम्प्रेस्ड बायोप्लांट स्थापना से संबंधित बैठक में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री रात्रि विश्राम निज निवास में करेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल 24 दिसम्बर को प्रातः 10.30 बजे निज निवास से प्रस्थान कर प्रातः 10.50 बजे अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय पहुंचेंगे। पंडित शंभूनाथ शुक्ल सभागार अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा में राज्यपाल श्री पटेल के मुख्य आतिथ्य में 11वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री समारोह के बाद 12.30 बजे अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय से प्रस्थान कर दोपहर 12.40 बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे।

# अधीक्षण यंत्री अवधिया कन्सल्टेंसी से हाथ मिला कर दीमक की तरह खोखला कर रहे जल संसाधन

**रीवा।** शासन का पैसों को पलीता में लगाने सरकारी मशीनरी तंत्र का बड़ा योगदान रहता है। सोने में सोहागा तब मिल जाता है जब काम करने वाले ठेकेदार को शासन का चूना लगाने के लिए भ्रष्ट अधिकारियों का सानिध्य मिल जाता है। सबसे बड़ा भ्रष्टाचार तो बाणसागर, पीडब्लूडी और जल संसाधन विभाग में देखा गया। जहां न तो लोकायुक्त की नजर पड़ती और न ही ईओडब्लू का ही साया पड़ता है। यदि कोई शिकायत भी हुई तो शिकायत जांच पर जांच, जांच पर जांच के नाम पर अधर पर लटकी जाती है। परिणाम यह होता है कि इन विभागों का अदना भी बाबू भी शासन और जनता का पैसा डकार कर सेवा निवृत्त होते तक करोड़ो रूपये का आसामी बन जाता है। सरकार इन विभागों को पैसा विकास कार्यो के लिए देती है लेकिन विकास कागजों में सिमट कर अधिकारियों और बाबूओं के घरों में समा जाती है। ऐसे ही एक अधिकारी जल संसाधन विभाग में अधीक्षण यंत्री के पद पर पदस्थ है, जिन पर विभागीय जांच तो चल ही रही है साथ ही ईओडब्लू में भी शिकायत की गई। ऐसे भ्रष्ट अधिकारी को उच्च अधिकारी खुश होकर कई जिलों में अधीक्षण यंत्री का प्रभार सौंप रखा है। यहां हम बात कर रहे है जल संसाधन विभाग में पदस्थ प्रभारी अधीक्षण यंत्री राजेंद्र प्रसाद सिंह कंवर का जो भ्रष्टाचार के सागर में अपनी मनमानी चलने के लिए ख्याति प्राप्त है। मजे की बात तो यह है कि उनका



सानिध्य भी ऐसे चालबाज टेस्टिंग लैब के संचालक नीलाबंर अवधिया से है जो पग-पग पर शासन को चूना लगाने में मजा खिलाड़ी माना जाता है। दोनो की जोड़ी मिलकर शासन की योजनाओं को दीमक की तरह खोखला कर अपनी मंजिले तय कर रहे है। रीवा संभाग में नहर हो या फिर स्टाप डैम निर्माण का काम हो अधीक्षण यंत्री राजेंद्र प्रसाद सिंह कंवर अवधिया कन्सल्टेंसी एंव टेस्टिंग लैब से ही हाथ मिलाकर कार्य को हरी झंडी देते है। काम में गुणवत्ता कितनी होगी यह तो अधीक्षण यंत्री और नीलांबर अवधिया ही बता सकते है या फिर भ्रष्टाचारियों के चेहरों को बेनकाब करना हो तो फिर निष्पक्ष जांच करने वाली एजेंसी ही बता सकती है।

#### अधीक्षण यंत्री के सिर पर मंडरा रही जांच, परिणाम लब्धे शून्य

कुर्सी पर बैठे अधिकारी जांच की परवाह नहीं करते, जांच अधिकारी को भी अपनी ही वजन का देखते है। इसीलिए बेपरवाह होकर एक से बड़े एक कारनामें करते रहते है। नाम न छापने की शर्त पर तो एक अधिकारी ने यह बताया कि जांच करने वालों के भी पेट होता है बस पेट का अंदाज सही रखना होता है। सूत्र बताते हैं कि जल संसाधन विभाग के अधीक्षण यंत्री राजेंद्र प्रसाद सिंह कंवर के विरूद्ध भी चार माह पूर्व किसी ने ईओडब्लू में उनके कारमानों की शिकायत की थी। चार माह गुजर गये अधीक्षण यंत्री पर ईओडब्लू तक का साया नहीं मंडराया। साथ ही बताया कि अधीक्षण यंत्री के विरुद्ध विभागीय जांच भी चल रही है जिसका परिणाम तो अभी तक लब्धे शून्य ही नजर आ रहा है।

#### फर्जी दस्तावेजों से पनपा अवधिया कन्सल्टेंसी एंव टेस्टिंग लैब

यदि हम सूत्रों पर भरोसा करें तो सतना जिले के रामपुर बघेलान निवासी नीलांबर अवधिया कूटरचित दस्तावेजों की सीढ़ी के सहारे शासकीय विभागों में काम ले रहा है। इस बात का खुलासा भी जांच में हो चुका है, ऐसा सूत्र का दावा है। बताया कि अवधिया कन्सल्टेंसी एंव टेस्टिंग लैब का संचालक पीडब्लूडी में फजी अनुभव प्रमाण पत्र एंव फर्जी टर्न ओवर सर्टिफिकेट लगाकर चार माह पूर्व बिल्डिंग मैंटीनेंस सहित अन्य काम लिया था। जिसकी पोल खुलने पर लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र रीवा के मुख्य अभियंता ने जांच बैठा दी थी। जांच में यह सिद्ध हो गया था कि अवधिया कन्सल्टेंसी एंव टेस्टिंग लैब में संचालक द्वारा फर्जी दस्तावेज लगाया गया था। जबकि उसके पास न तो कार्य का अनुभव है और न ही टर्न ओवर का प्रमाण पत्र, ऐसे में जल संसाधन विभाग के अधीक्षण यंत्री का संरक्षण देना कहीं न कही भ्रष्टाचार के हवनकुंड में होम देने की बात निकल कर सामने आती है।

# बांस से निर्मित उत्पादों से स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा कलेक्टर मऊगंज

**मऊगंज।** वन विभाग के अंतर्गत बांस मिशन द्वारा मऊगंज जिले के खटखरी में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया इस अवसर पर कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि बांस से निर्मित उत्पादों से स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा तथा बांस के शिल्पकारों को नई तकनीक से उत्पाद बनाने में मदद मिलेगी। खटखरी में आयोजित कार्यशाला में बांस से बनने वाले उत्पादों का तकनीक में सुधार व गुणवत्तापूर्ण उत्पाद निर्माण के लिए 15 बांस शिल्पियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि यह प्रशिक्षण इन शिल्पियों के लिए नई तकनीक से उत्पाद बनाने में मददगार होगा तथा यह शिल्पी आगे चलकर मास्टर ट्रेनर बनेंगे और अन्य बांस शिल्पियों को प्रशिक्षण देंगे। जिले में बांस शिल्पियों को समिति बनाकर जोड़ा जाएगा जिससे उच्च क्वालिटी के बांस उत्पाद बनाकर अपनी आय में वृद्धि कर सकेंगे और इनके उत्पादो को ऑनलाइन बिक्री किए जाने की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि जिले में काफी मात्रा में बांस का उत्पादन होता है।और आने वाले समय में उच्च क्वालिटी के बांस लगाने के लिए किसानों को प्रेरित किया जाएगा। कार्यशाला में डीएफओ रीवा अनुपम शर्मा सहित वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं हितग्राही उपस्थित रहे।






### हनुमना में आयोजित हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम

**मऊगंज।** जिले के हनुमना विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत हर्दी में आयोजित भारत संकल्प यात्रा में विधायक प्रदीप पटेल एवं कलेक्टर अजय श्रीवास्तव द्वारा शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर विभिन्न विभागों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया। संकल्प यात्रा दौरान बिजली, सहारा बीमा, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, पुलिस आदि विभागों की शिकायतों का मौके पर निराकरण किया गया। शेष शिकायतों के निराकरण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कलेक्टर मऊगंज के निर्देश पर समस्या निराकरण हेतु विद्युत विभाग द्वारा 26 दिसंबर को हर्दी ग्राम पंचायत में समस्या निवारण शिविर का आयोजन होगा। कलेक्टर मऊगंज द्वारा सड़क पर घूम रहे गौवंश में कम से कम एक गौवंश को अपने घर ले जाने हेतु उपस्थित जनमानस को शपथ दिलाई गई। इस बीच डेढ़ दर्जन से अधिक समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों एवं किसानों द्वारा सड़क पर घूम रहे निराश्रित गौवंश को अपने घर ले जाने के लिए आवेदन किए।



## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 242447.32 क्विंटल धान की खरीदी

**अनूपपुर**। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निदेशानुसार किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए जिले में बनाए गए 34 उपार्जन केन्द्रों में एक दिसम्बर से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन पंजीकृत कृषकों से किया जा रहा है। जिले में अब तक 4912 पंजीकृत किसानों से 242447.32 क्विंटल धान का उपार्जन किया गया है।

### राज्य एवं संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता पर मिलेगी राशि

**अनूपपुर**। मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा संचालित राज्य लोक सेवा आयोग एवं संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता मिलने पर पुरुस्कार योजना के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिक एवं उनकी संतानों को परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर मध्यप्रदेश राज्य लोक सेवा आयोग में चयनित होने पर प्रारंभिक परीक्षा में 15 हजार एवं मुख्य परीक्षा में 25 हजार तथा संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में चयनित होने पर प्रारंभिक परीक्षा हेतु 25 हजार एवं मुख्य परीक्षा हेतु 50 हजार रुपये की राशि प्रदाय की जाती है। योजना हेतु आवेदन परीक्षा परिणाम घोषित होने के छःमाह के भीतर अथवा 180 कार्य दिवस तक जिला श्रम कार्यालय में प्रस्तुत किया जा सकता है। उक्ताशय की जानकारी श्रम पदाधिकारी अनूपपुर ने दी है।

### 6 जनवरी को होगा मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन

**अनूपपुर**। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। इस हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटो निर्वाचक नामावली के विषेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किए गए हैं। कार्यक्रम के अनुसार 6 जनवरी को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। इसके बाद 6 से 22 जनवरी तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन और नाम हटाने के लिए आवेदन लिए जाएंगे। 8 फरवरी को फोटो निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान विशेष शिविर लगाए जाएंगे। यह शिविर 13 और 20 जनवरी को लगाए जाएंगे। फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 अंतर्गत जिन युवाओं की उम्र 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की पूर्ण हो रही है, वे युवा मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही जो युवा 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं, वे भी मतदाता सूची में नाम जुडवाने के लिए अग्रिम रूप से आवेदन कर सकते हैं।

**सीमांकन कार्य करने के एवज में पटवारी ने मांगी थी रिश्वत**

# भ्रष्टाचार मामले में रिश्वतखोर पटवारी को जुर्माने के साथ 4 वर्ष की सजा

**अनूपपुर**। माननीय न्यायालय पंकज जायसवाल, विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) के विशेष प्रकरण क्र. 01/20, थाना विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त रीवा, अप. क्र.166/20, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7, 13(1)डी, 13(2), आरोपी विनोद कुमार सोनी तत्कालीन पटवारी हल्का लखनपुर तहसील व जिला अनूपपुर के प्रकरण में माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी के विरूद्ध भ्रष्टाचार का अपराध प्रमाणित पाने पर 04 वर्ष का कठोर कारावास व 10000 रू. की राशि का अर्थदण्ड दिया है और आरोपी को न्यायालय से कारावास भुगतने हेतु जेल भेज दिया गया है। प्रकरण की पैरवी विशेष लोक अभियोजक (लोकायुक्त) हेमन्त अग्रवाल प्र. जिला अभियोजन अधिकारी द्वारा की गई। माननीय न्यायालय द्वारा लोकायुक्त पुलिस द्वारा की गई सम्पूर्ण विवेचना व कार्यवाही को प्रमाणित पाते हुए आरोपी को उक्त दण्ड से दण्डित किया गया है।






### यह है मामला

प्रकरण में फरियादी गोविंद प्रसाद कोल अपने ग्राम लखनपुर स्थित 10 एकड़ कृषि भूमि का सीमांकन कराना चाहता था, जिसके लिये उसके द्वारा लोक सेवा केन्द्र में आवेदन दिया गया, आरोपी पटवारी द्वारा उसे सूचना दी गई कि 18.05.2016 को उसकी जमीन का सीमांकन होना है, शिकायतकर्ता उक्त दिनांक को पटवारी का इंतजार करता रहा, आरोपी पटवारी नहीं आया, तब शिकायतकर्ता तहसील कार्यालय में जाकर आरोपी पटवारी विनोद सोनी से मिला जहां उसके द्वारा सीमांकन कार्य के एवज में 10000 रू. रिश्वत की मांग की। शिकायतकर्ता आरोपी पटवारी को रिश्वत नहीं देना चाहता था, इसलिये शिकायतकर्ता द्वारा अपने साथी अर्जुन पटेल के साथ पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त रीवा को लिखित शिकायत की। लोकायुक्त पुलिस द्वारा लिखित शिकायत की तस्दीक व सत्यापन किया, आरोप द्वारा रिश्वत की मांग को प्रमाणित पाए जाने पर आरोपी के विरूद्ध स्वतंत्र राजपत्रित साक्षियों के समक्ष ट्रेप कार्यवाही आयोजित की गई। जिसमें आरोपी अपने घर पर शिकायतकर्ता से सीमांकन कार्य के एवज में रिश्वती रुपए लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। लोकायुक्त पुलिस द्वारा प्रकरण की विवेचना के दौरान समस्त दस्तावेजी एवं वैज्ञानिक एवं अन्य साक्ष्यों का संकलन किया और सम्पूर्ण विवेचना पश्चात अभियोग पत्र विशेष भ्रष्टाचार न्यायालय अनूपपुर के न्यायालय में पेश किया। जहां विशेष लोक अभियोजक (लोकायुक्त) द्वारा प्रकरण के सम्पूर्ण तथ्यों व साक्ष्यों को न्यायालय के समक्ष रखा जिसे प्रमाणित पाते हुए माननीय न्यायालय द्वारा दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात आरोपी को उक्त दण्ड से दण्डित किया है।

**भ्रष्टाचार के मामले में पिछले माह भी हुई थी एक अन्य पटवारी को सजा**

### आरोपी ऐसे फंसा था जाल मे

ग्राम लखनपुर का आदिवासी गरीब किसान गोविंद कोल अपनी जमीन खसरा क्रमांक 51, 127, 234, 250 एवं 296 का सीमांकन कराने लोकसेवा केन्द्र अनूपपुर में आवेदन किया था जिसकी अंतिम तिथि 18 मई 2016 नियत थी इसके बाद भी पटवारी, आरआई इसकी जमीन में जाकर सीमांकन नही कर रहे थे। किसान से पटवारी विनोद कुमार सोनी ने सीमांकन करने के लिए रूपये मांगे थे तब गोविंद कोल व्यवस्था करके देने का आश्वासन देकर शिकायतकर्ता बनकर लोकायुक्त रीवा कार्यालय चला गया और इस बात की शिकायत कर दी। शिकायत पर अनूपपुर मे आई लोकायुक्त की टीम ने शिकायत को पुष्ट पाते हुये 24 मई 2016 मंगलवार को योजनाबद्ध तरीके से सुबह आठ बजे पटवारी के निवास में शिकायतकर्ता किसान को रूपये देकर भेजा और पटवारी ने जैसे ही रूपये लिये उन्हें लोकायुक्त की टीम ने धर दबोचा।

### पहले भी हो चुकी सजा

इससे पूर्व 08.11.2023 को माननीय न्यायालय पंकज जायसवाल विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विशेष प्रकरण क्र. 02/20 में आरोपी शैलेन्द्र शर्मा तत्कालीन पटवारी हल्का बरगवां नं. 02 तहसील व जिला अनूपपुर को भ्रष्टाचार के अपराध में 04 वर्ष का कठोर कारावास व 10000 रू. की राशि का अर्थदण्ड दिया है और आरोपी को न्यायालय से ही जेल भेज दिया गया था।



# सांसदों के निलंबन को लेकर अनूपपुर कांग्रेस का प्रदर्शन

**अनूपपुर**। संसद के मौजूदा शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा और राज्यसभा से विपक्ष के 142 सांसदों के निलंबन को लेकर विपक्षी दल आक्रोशित है। इसी सिलसिले में अनूपपुर मे 22 दिसंबर को अनूपपुर में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रमेश सिंह के नेतृत्व में जिला मुख्यालय स्थित इंदिरा तिराहे में धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए सांसदों का निलंबन वापस लेने की मांग की। धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ने मोदी सरकार और भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि विधानसभा और लोकसभा लोकतंत्र के मंदिर हैं। भाजपा ने जनप्रतिनिधि के ताकत को भाजपा की सरकारो ने कमजोर कर दिया। देश साफ-साफ देख रहा है कि संसद के अंदर कैसे 'बुलडोजर' चलाया जा रहा है। ये विरोधियों को रौंदने की प्रक्रिया है। अमित शाह को उनकी विफलताओं को बचाने के लिए विपक्ष पर, जनप्रतिनिधियों पर, जनता के मूल अधिकारों पर का हनन किया जा रहा है, जिसको लेकर पूरे देश मे कांग्रेस विरोध प्रदर्शन कर रही है। कार्यवाहक जिला अध्यक्ष करतार सिंह ने कहा कि सांसदों के निलंबन की लड़ाई बाहुबली तक आ गई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि सरकार बहुमत का बाहुबली बन रही है। बहुमत के दम पर ही वो विपक्ष को कुचलने पर तुली है। जवाब में सरकार ने विपक्ष को ही गुरूर में बता दिया है और सांसदों की पूरे सत्र के लिए बर्खास्त कर दिया, विपक्ष आज सड़को पर उतर कर प्रदर्शन करने को मजबूर है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष गुलाब पटेल, अनूपपुर विधानसभा प्रभारी राघवेंद्र पटेल, सत्येंद्र स्वरूप दुबे, राम सजीवन गौतम, बहादुर पटेल, मो नजीर, राजू पटेल, संजय सोनी, सचिन पटेल, नीरज मिश्रा, मनोज पटेल, रामलाल, मनीष भोजवानी आदि सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खनिज प्रतिष्ठान मद में जिले का हिस्सा दोगुना किया जाए-द्विवेदी

**स्टील मंत्रालय के संचालक माध्यम से सरकार से पांच सूत्रीय मांग**



**अनूपपुर**। जनजातीय बाहुल्य अनूपपुर जिले में रोजगार के अवसर बढाने एवं खनिज प्रतिष्ठान मद में जिले का हिस्सा दो गुना करने के लिये जिले के वरिष्ठ पत्रकार एवं भाजपा नेता मनोज द्विवेदी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा हेतु अनूपपुर प्रवास पर आईं जिला प्रभारी अधिकारी श्रीमती नेहा वर्मा, संचालक स्टील मंत्रालय भारत मंत्रालय को पत्र प्रेषित कर सरकार से पांच सूत्रीय मांग की है। प्रवास पर पहुंची श्रीमती वर्मा के माध्यम से श्री द्विवेदी ने ध्यानाकर्षण किया है कि अनूपपुर जिले में बॉक्साइट, ग्रेनाइट, कोयला, रेत, पत्थर सहित अन्य उत्तम किस्म के खनिज का उत्पादन निरन्तर किया जा रहा है। इससे मिलने वाले राजस्व का अल्प हिस्सा जिले को प्राप्त होता है। अनूपपुर जनजातीय सीमावर्ती जिला है। जहां से प्रतिवर्ष अन्य राज्यों में मजदूरी हेतु बड़ी संख्या में लोग पलायन करते हैं। यह जिले के लिए चिन्ता का विषय है। आपके माध्यम से भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन से निवेदन है कि खनिज प्रतिष्ठान मद से अनूपपुर जिले को मिलने वाली राशि की मात्रा दुगुनी की जाए। खनिज प्रतिष्ठान मद का उपयोग रोजगारोन्मूलक कार्यों में किया जाए। बॉक्साइट आधारित उद्योग की स्थापना जिले में की जाए। इस जिले से प्रचुर मात्रा में कोयला अन्य राज्यों को भेजा जाता है। इसे परिष्कृत करने के लिए कोल वाशरी की स्थापना जिले में की जाए। जिले में अभी दो पॉवर प्लांट स्थापित हैं, जिनसे निकलने वाला वेस्ट प्रोडक्ट राखड़ सीमेन्ट फैक्ट्रियों को अन्यत्र भेजा जाता है। जबकि जिले में ही सीमेन्ट फैक्ट्री स्थापित करने की प्रचुर संभावना है। आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से उक्त बिन्दुओं पर गंभीरतापूर्वक विचार कर आवश्यक कदम उठाने का निवेदन है जिससे जनजातीय बाहुल्य अनूपपुर जिले में रोजगार के अवसर बढ़ाए जा सके। यहाँ यह विशेष उल्लेखनीय है कि अनूपपुर जिले में खनिज प्रतिष्ठान मद की राशि का उपयोग रोजगारोन्मूलक कार्यों हेतु नहीं किया जा रहा है। विगत कुछ वर्षो में खनिज मद की राशि के मनमाने दुरुपयोग के आरोप लगते रहे हैं। इसमें पारदर्शिता की कमी और जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के मनमाने आचरण की खबरें भी आती रही हैं। जिले के तीन विधानसभा क्षेत्रों कोतमा, अनूपपुर, पुष्पराजगढ में रोजगार के कम होते अवसरों से लोग बड़ी संख्या में अन्य राज्यों की ओर पलायन करते हैं। श्री द्विवेदी ने जिले में रोजगार के अवसर बढाने के लिये खनिज संसाधनों के बेहतर उपयोग की मांग करके एक सकारात्मक पहल की

### ट्रैफिक सिग्नल लगाये जाने का कार्य शीघ्र होगा

**कटनी**। नगर निगम सीमान्तर्गत माधवनगर गेट के पास चौराहे पर ट्रेफिक सिग्नल दो साल से बंद होनें तथा अभी तक नही लग पानें संबंधी शिकायत संज्ञान में आने पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा कार्यालय नगर पालिक निगम कटनी को उक्त मामले की जॉच कर निराकरण कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर नगर पालिक निगम की परिवहन कंपनी व्दारा अवगत कराया गया कि माधव नगर चौराहे पर ट्रैफिक सिगनल लगाये जाने हेतु निविदा जारी की जा चुकी है। जिसमे ट्रैफिक सिग्नल लगाने हेतु इलेक्ट्रोएड्डुस इंदौर से अनुबंध किया गया है। निविदाकार इलेक्ट्रोएड्डुस व्दारा माधवनगर पर ट्रैफिक सिगनल लगाने के लिए फाउंडेशन का कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है, शेष कार्य प्रगति पर है जिसे एक माह में पूर्ण कर लिया जायेगा। थाना प्रभारी राहुल पांडे एवं आरटीओ अधिकारी विमलेश गुप्ता ने बैठक कर शहर के ई रिक्शा चालकों को सख्त लहजे में नियमों का पालन करने की हिदायत दी थी। गुरूवार को यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे स्टेशन के बाहर स्थित आटो स्टैंड पहुंचे और उन्होंने चालकों को समझाइश दी। इस संबंध में यातायात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने बातचीत करते हुए कहा कि शहर में ई रिक्शा संचालन के लिए आरटीओ एवं यातायात विभाग के द्वारा 6 रूट निर्धारित किए गए हैं।

# अमरकंटक पहुंचकर पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने की मां नर्मदा की पूजा



### स्वर्गीय भगवत शरण की पुण्यतिथि पर पहुंचे पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान

**अनूपपुर/अमरकंटक**। अमरकंटक पहुंचे प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि बचपन से नर्मदा मैया की गोद में पला हूं बड़ा हुआ हूं और मां की कृपा से लोक सेवा के काम किए हैं। मैं विधानसभा चुनाव से पहले भी आया था और मां के चरणों में प्रार्थना की थी प्रदेश के विकास और जनकल्याण के कामों को आगे बढ़ाने के लिए, योजनाओं को ठीक ढंग से क्रियान्वित करने के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार बने। भारी बहुमत से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है। मैंने उस समय संकल्प किया था कि मैं मां के चरणों में दोबारा आऊंगा आज मां की पूजा अर्चना की चरणों में प्रणाम किया और यह प्रार्थना भी की कि हमारे नए मुख्यमंत्री मोहन यादव, जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में प्रदेश लगातार प्रगति और विकास करता रहे जन कल्याण के काम अच्छे ढंग से होते रहें वो प्रदेश को बहुत ऊंचाइयों पर ले जाएं। चुनाव के दौरान मैंने भी जनता के बीच जाकर कई संकल्प व्यक्त किए थे चाहे वह माता बहन और बेटियों के संबंध में हो, किसानों के संबंध में हो, भांजे-भांजियों के संबंध में हो विकास और बाकी कामों के संबंध में हो। जैसे कि यहीं हमने तय किया था कि नर्मदा लोक बनेगा यह सारे संकल्प पूरे हो नई सरकार इन संकल्पों को पूरा करेगी मैं पूरी तरह से सहयोगी होऊंगा और जब जरूरत पड़ेगी तो सरकार का ध्यान भी दिलाऊंगा। प्रदेश के सेवक के नाते जनता से मेरे रिश्ते भाई और मामा के हैं भाई और मामा के रिश्ते परमानेंट होते हैं। उनके पदों से कोई संबंध नहीं होता है। मैं अपने बहनों- भाइयों की भांजे-भांजियों की सेवा में निरंतर लगा रहूंगा क्योंकि पूरा मध्य प्रदेश हमारा परिवार है और उस परिवार की मां है नर्मदा मैया। हमारा पूरा परिवार आगे बढ़ता रहे सुखी रहे मैं भी अपने पूरे परिवार की प्रदेश की जनता के सेवक के नाते सेवा करता रहूंगा यही कृपा मां की बनी रहे।

### स्वर्गीय भगवत शरण की पुण्यतिथि में पहुंचे श्री चौहान



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व संगठन मंत्री स्वर्गीय भगवत शरण माथुर की तृतीय पुण्यतिथि पर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान श्री नर्मदे हर सेवा न्यास अमरकंटक पहुंचकर पुष्प अर्पित कर भाविनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्री माथुर की पुण्यतिथि पर श्री नर्मदे हर सेवा न्यास के द्वारा अखंड राम कीर्तन का आयोजन एवं अखंड राम कीर्तन के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया है। प्रतिवर्ष स्वर्गीय श्री माथुर की याद में कोई ना कोई कार्यक्रम श्री अध्यक्ष सेवा न्यास के द्वारा किया जाता है। सेवा न्यास के वर्तमान अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह राज्यसभा सदस्य, सचिव रामलाल रौतेल अध्यक्ष कोल विकास प्राधिकरण, कैलाश विशनानी पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष, शिवकुमार चौधरी एवं अन्य जनमानस की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें नगर के गणमान्य नागरिकों में दिनेश द्विवेदी, पार्षद प्रकाश द्विवेदी, अंजना कटारे, श्रवण कुमार उपाध्याय, उमाशंकर पांडे एवं उमेश पांडे की उपस्थिति रही।



# अनूपपुर कोतवाली में रात 8 बजे हुआ बलवा

**अनूपपुर**। शहडोल संभाग के पुलिस महानिरीक्षक डीसी सागर ने 21 दिसंबर को अनूपपुर पुलिस के वार्षिक निरीक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने पुलिस ग्राउंड में अनूपपुर पुलिस का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान अनूपपुर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र पवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार सिंह उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि वार्षिक निरीक्षण के दौरान जहां पुलिस की फिटनेस को चेक किया जाता है वहीं पुलिस की सामग्री का भी विधिवत निरीक्षण होता है। इसी दौरान एडीजी के द्वारा बलवा रिहर्सल का भी निरीक्षण किया गया। इस वार्षिक निरीक्षण के दौरान अनुपपुर जिले के समस्त पुलिस अधिकारी एवं प्रमुख पुलिस जवान मौजूद रहे। वार्षिक निरीक्षण के दौरान जितने भी आवश्यक निरीक्षण होते हैं, उन सभी निरीक्षण में आईजी सागर सम्मिलित हुए। निरीक्षण के पश्चात आईजी ने अनूपपुर पुलिस की तैयारी की तारीफ भी की।

जिला मुख्यालय स्थित अनूपपुर कोतवाली में वार्षिक निरीक्षण के दौरान बलवा ड्रिल का भी शहडोल संभाग के पुलिस महानिरीक्षक डीसी सागर ने अवलोकन किया। इस दौरान रात लगभग 8 बजे कोतवाली में पहुंचकर पुलिस के दो गुट को बनाकर बलवा ड्रिल कराई गई, जहां पुलिस महानिरीक्षक डीसी सागर ने बलवा से निपटने, थाने के घेराव आदि विषयों की बारीकियों पर पुलिस जवानो को समझाइश दी।

### जहर खाने एवं अज्ञात कारण से जिला चिकित्सालय में दो की मौत

**अनूपपुर**। विगत दो दिनों के मध्य जिला चिकित्सालय अनूपपुर में दो व्यक्तियों की मौत होने पर ड्यूटी डॉक्टर की सूचना अनुसार अस्पताल पुलिस चौकी द्वारा मृतकों की परिजनों की उपस्थिति में पंचनामा एवं पीएम की कार्रवाई कर मामले की डायरी संबंधित थानों को अग्रिम कार्यवाही हेतु भेजी है। इस संबंध में मिली जानकारी अनुसार जैतहरी थाना अंतर्गत सिवनी ग्राम निवासी 38 वर्षीय प्रीतम पिता स्व. बैजनाथ राठौर ने अज्ञात कारणो से 20 दिसंबर को घर पर जहरीला पदार्थ खा लिया था जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जैतहरी ले जाने पर प्राथमिक उपचार बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए ड्यूटी डॉक्टर द्वारा जिला चिकित्सालय अनूपपुर रेफर किया गया यहा उपचार दौरान प्रीतम की मौत हो गई, वहीं दूसरा मामला अमलाई थाना अंतर्गत ग्राम रामपुर स्थित रामपुर-बटुरा कोयला खदान का है जहां महामाया कंपनी बुढार के ट्रक में विगत 3 माह से चालक के रूप में कार्य कर रहे 45 वर्षीय रवि सोनकर पिता बाबूलाल सोनकर निवासी वार्ड नंबर 08 बिजुरी 21 दिसंबर की रात ट्रक लेकर कोयला लेने हेतु रामपुर खदान पहुंचा जहां अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने पर अन्य ट्रक साथियों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय अनूपपुर लाया जहां परीक्षण दौरान ड्यूटी डॉक्टर ने पूर्व से मृत होना बताते हुए घटना की जानकारी जिला अस्पताल पुलिस चौकी अनूपपुर को प्रदाय किये जाने पर पुलिस द्वारा दोनों दिन दोनों मृतको के परिजनों की उपस्थिति में मृतको के शव का पंचनामा कर ड्यूटी डॉक्टर से पीएम कराने बाद मृतको के शव का अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप कर घटना की डायरी संबंधित थानों में अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित की।